छात्रों ने जाना वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व

प्रशिक्षण

रांची | मुख्य संवाददाता

केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड के डीएसटी-एफआईएसटी प्रायोजित पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से स्कूली छात्रों के बीच विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए सोमवार को लघु प्रशिक्षण और जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एचएच हाई स्कूल और ऑक्सब्रीज स्कूल के 67 छात्रों को छोटे अनुसंधान और विकास उपकरण और उन्नत उपकरण सुविधाओं के साथ प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास के साथ अध्यक्ष, आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन प्रकोष्ठ, प्रो आरके डे, डीन अनुसंधान और विकास प्रो एस मेधेकर, डीन अकादमिक मामले प्रो मनोज कुमार, स्कूल ऑफ नेचुरल रिसोर्स मैनेजमेंट के प्रो एसी पांडेय ने किया।

कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें विज्ञान को अपने करियर विकल्प के रूप में लेने के लिए प्रोत्साहित किया। तकनीकी सत्र की शुरुआत डॉ निर्मली बोरदोलोई और डॉ कुलदीप बौद्ध के पर्यावरण अनुसंधान में प्रयुक्त बुनियादी उपकरण पर विचार-विमर्श के साथ हुई। डॉ पूरबी सैकिया और डॉ भास्कर सिंह ने पर्यावरण अनुसंधान में प्रयोग होने वाले उन्नत उपकरण सुविधाओं पर विचार-विमर्श किया। प्रो एसी पांडेय ने छात्रों को विज्ञान के बारे में अधिक जानने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रो आरके डे ने राष्ट्र के विकास में वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व के बारे में बात की।